कार्यवृत्त नीलामी

दिनांक 27.03.2026 को स्थानीय अवकाश तथा दिनांक 28.03.2026 को अध्यक्ष नीलाम समिति व सदस्य नीलामी समिति अवकाश पर थे। आज दिनांक 30/03/2026 को बाह्य न्यायालय देवबन्द में भूतल स्थित सभा कक्ष में नीलामी समिति श्री विनीत कुमार वासवानी, अध्यक्ष नीलामी समिति/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश, देवबन्द, श्री परविन्दर सिंह अपर सिविल जज (सी०डी०),सदस्य नीलामी कमेटी, उपस्थित।श्री संजीव कुमार शर्मा, सदस्य नीलामी कमेटी, कोर्ट मैनेजर सहारनपुर नही आ सके।

बाह्य न्यायालय देवबन्द के प्रतिष्ठानों एक चाय कैन्टीन व मोटरसाईकिल/साईकिल स्टैंड की नीलामी हेतु नियमित प्रक्रिया (खुली बोली के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उक्त के सम्बन्ध मे दिनांक 16.02.2026 को रणजय भारत, अवधनामा, अमर चिंगारी व अमर उजाला दिनांक 26.02.2026 को रणजय भारत, अवधनामा, अमर चिंगारी,अमर उजाला, दैनिक जागरण तथा दिनांक 13.03.2026 को रणजय भारत, अवधनामा, अमर चिंगारी, दैनिक जागरण व हिंदुस्तान में प्रकाशन कराया गया, परन्तु व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के पश्चात भी कोई बोलीदाता उपस्थित नही आये। उपरोक्त दोनों प्रतिष्ठानों की नीलामी की बोली हेतु किसी बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नही हो सकी।

अतः उपनाजिर को निर्देशित किया जाता है कि वह नियमित प्रक्रिया (खुली बोली) के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही पूर्ण न होने के कारण, माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या- 1673/ Admin (B-I) Section दिनंकित 16.05.2024 के अनुक्रम में अहर्ता के बिन्दु पर अलग-अलग तथा सीलबंद टैन्डर आमंत्रित करके नीलामी की कार्यावाही किये जाने हेतु टैन्डर प्रक्रिया के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक सूचना बाह्य न्यायालय देवबन्द के नोटिस बोर्ड व उपजिलाधिकारी में स्थित नोटिस बोर्ड तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर चस्पा करायें तथा उपरोक्त से सम्बन्धित सूचना एक राष्ट्रीय व तीन स्थानीय समाचार-पत्रों में प्रकाशन करायें एवं जिला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल, एन.आई.सी. पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी नीलामी तिथि व विवरण अपलोड़ करायें। उक्त के अनुक्रम में नीलामी समिति की सर्वसम्मत राय से दिनांक 17.04.2026 को सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्डर) आमंत्रित करने का निर्णय किया गया। इस सम्बन्ध में अग्रिम तिथि दिनांक 18.04.2026 को समय 04:30 बजे बाह्य न्यायालय देवबन्द के भूतल में स्थित सभागार कक्ष में नियत की जाती है।

संजीव कुमार शर्मा (सदस्य नीलामी कमेटी) (कोर्ट मैनेजर) सहारनपुर (अनुपस्थित) **30.03.2026**	30/03/2026 श्री परविन्दर सिंह (सदस्य नीलामी कमेटी) अपर सिविल जज (सी.डि.) बाह्य न्यायालय देवबन्द **30.03.2026**	श्री विनीत कुमार वासवानी (अध्यक्ष नीलामी कमेटी) (अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश) बाह्य न्यायालय देवबन्द **30.03.2026**

01/04/2026
जिला न्यायाधीश
सहारनपुर